प्रेस नोट
थाना नवाबाद जनपद झाँसी

दिनांक –20.05.2026

- झाँसी पुलिस द्वारा ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही जारी।
- ऑनलाइन सट्टा खिलाने एवं खेलने के संगठित अपराध में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।
- गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह एवं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में बैंटिंग एप के माध्यम से आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलाकर संगठित अपराध कारित करने के संबंध में थाना नवाबाद पर पूर्व से पंजीकृत मु0अ0सं0 215/2026, धारा 112(2) बीएनएस व 3/13 जुआ अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।

आज दिनांक 20.05.2026 को थाना नवाबाद पुलिस टीम द्वारा प्रभावी सुरागरसी एवं पतारसी के आधार पर उक्त मुकदमे में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त सोहन शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा, निवासी 92 पन्नालाल, गोलाकुआँ, थाना कोतवाली, जनपद झाँसी, उम्र लगभग 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 29.04.2026 को प्रभारी निरीक्षक रवि श्रीवास्तव, थाना नवाबाद, जनपद झाँसी द्वारा प्रस्तुत तहरीर के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 215/2026, धारा 109(1), 111(2) बीएनएस एवं धारा 3/13 जुआ अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं तलाश हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों के क्रम में आज दिनांक 20.05.2026 को थाना नवाबाद पुलिस टीम द्वारा उक्त मुकदमे में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त सोहन शर्मा पुत्र

बद्री प्रसाद शर्मा, निवासी 92 पन्नालाल, गोलाकुआँ, थाना कोतवाली, जनपद झाँसी, उम्र लगभग 38 वर्ष को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी का विवरण –

- एक मोबाइल सैमसंग मोबाइल

नाम पता अभियुक्त –

1. सोहन शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा निवासी 92 पन्नालाल गोला कुआं थाना कोतवाली जिला झांसी उम्र 38 वर्ष (गिरफ्तार)

वाछिंत अभियुक्त-

1. पप्पू यादव उर्फ पप्पू चिकना उर्फ वीरेन्द्र यादव पुत्र बादाम सिंह निवासी उन्नाव गेट बाहर थाना कोतवाली झाँसी
2. पंकज राय पुत्र विनोद राय निवासी तलैया छनियापुरा थाना कोतवाली जनपद झाँसी
3. सौरभ लिकधारी पुत्र दिनेश लिकधारी निवासी मानिक चौक थाना कोतवाली झाँसी
4. सोनू चढ्ढा पुत्र अज्ञात निवासी किदवई नगर कानपुर
5. हरीश कुमार पुत्र स्व. बृजलाल निवासी पनकी कानपुर नगर
6. आकाश चंचलानी पुत्र राकेश चंचलानी निवासी द्वारिका कॉलोनी बडागांव गेट बाहर थाना कोतवाली झाँसी
7. सुमित साहू पुत्र कोमल निवासी नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी
8. रोशन मुंशी पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात

गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –

मु0अ0सं0 215/26 धारा 112(2) बीएनएस 3/13 जुआं अधि0 थाना नवाबाद झाँसी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. प्र0नि0 श्री रवि श्रीवास्तव थाना नवाबाद जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री मोहित कुमार थाना नवाबाद जनपद झांसी

3. का0 1033 राजकुमार थाना नवाबाद जनपद झाँसी

4. रि0का0 पवन कुमार थाना नवाबाद जनपद झाँसी